Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title : Need to accord the status of a Central University to Jai Narain Vyas University in Jodhpur, Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान प्रदेश का जोधपुर शहर बहुत ही प्राचीन शहर है। ब्रिटिश काल से जोधपुर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। जोधपुर में आयुर्वेद कॉलेज, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज आदि अनेक शिक्षण संस्थान हैं। जोधपुर पश्चिमी राजस्थान का सिरमौर शहर है। यहां के जयनारायण व्यास विश्वि वद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग बार-बार मैंने उठाई है।

मैं अध्यक्ष महोदय के माध्यम से मानव संसाधन मंत्री महोदय से निवेदन कर रहा हूं कि जोधपुर स्थित जयनारायण व्यास ि वश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाया जाए।